## समाचार

# लाकडाउन उल्लंघन पर 7600 रूपये जुर्माना




कोरबा 17 मई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न जोनांतर्गत लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करते हुए कल और आज 7600 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। बेवजह घूमने वालों, लाकडाउन के दौरान बिना अनुमति वाली दुकान खोलने वालों आदि पर यह कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालको जोनांतर्गत 2600 रूपये, बांकीमोंगरा जोनांतर्गत 2000 रूपये, टी.पी.नगर जोनांतर्गत 1500 रूपये, दर्री जोनांतर्गत 1500 रूपये का अर्थदण्ड विभिन्न प्रकरणों पर लगाया गया तथा कड़ी हिदायत दी गई कि वे लाकडाउन का उल्लंघन न करें।